ગુજરાત શૈક્ષણિક સંશોધન અને તાલીમ પરિષદ, ગાંધીનગરના પત્ર-ક્રમાંક
જીસીઈઆરટી / સીએન્ડઈ / ૨૦૧૪ / ૨૨૨૨, તા.૩-૨-૨૦૧૪–થી મંજૂર

**शिक्षक एवं अभिभावक के लिए अलग से शिक्षक-संदर्शिका का निर्माण किया गया है, उसका अवश्य उपयोग कीजिए ।**

# हिन्दी

## कक्षा ४

**( द्वितीय भाषा )**

## द्वितीय सत्र

### प्रतिज्ञापत्र

भारत मेरा देश है।
सभी भारतवासी मेरे भाई–बहन हैं।
मुझे अपने देश से प्यार है और इसकी समृद्धि तथा बहुविध परम्परा पर गर्व है।
मैं हमेशा इसके योग्य बनने का प्रयत्न करता रहूँगा।
मैं अपने माता–पिता, अध्यापकों और सभी बड़ों की इज्जत करूँगा एवं हरएक से नम्रतापूर्वक व्यवहार करूँगा।
मैं प्रतिज्ञा करता हूँ कि अपने देश और देशवासियों के प्रति एकनिष्ठ रहूँगा।
उनकी भलाई और समृद्धि में ही मेरा सुख निहित है।

**રાજ્ય સરકારની વિનામૂલ્યે યોજના હેઠળનું પુસ્તક**

વિદ્યાર્થીનું નામ : ______________________

શાળાનું નામ : ______________________

વર્ગ : ____________ રોલ નંબર : ____________

ગુજરાત રાજ્ય શાળા પાઠ્યપુસ્તક મંડળ
'વિદ્યાયન', સેક્ટર 10-એ, ગાંધીનગર-382010

© गुजरात राज्य शाला पाठ्यपुस्तक मंडल, गांधीनगर
इस पाठ्यपुस्तक के सर्वाधिकार गुजरात राज्य शाला पाठ्यपुस्तक मंडल के अधीन हैं। इस पाठ्यपुस्तक का कोई भी भाग किसी भी रूप में गुजरात राज्य शाला पाठ्यपुस्तक मंडल के नियामक की लिखित अनुमति के बिना प्रकाशित नहीं किया जा सकता।

**लेखन-संपादन (SRG)**

श्री रेवाभाई प्रजापति
श्री नुरोद्दीन शाह
श्री हितेशकुमार नायक
श्री दीक्षिताबहन ठक्कर
श्री रमेशभाई परमार
श्री घनश्यामसिंह महिडा
श्री मीनाबहन कापडी
श्री दिनेशचंद्र परमार
श्री मंगलभाई गोहिल
श्री गोविंदभाई रोहित
श्री असलमशा फ़कीर
श्री झनुभाई संगाड़ा

**समीक्षा**

श्री राजेश सिंह क्षत्रिय
श्री महेशभाई उपाध्याय
श्री विजय तिवारी
श्री रणजीतसिंह पवार
डॉ. मोना दवे

**चित्रांकन**

श्री भरत अग्रावत
श्री ज्योति खत्री
श्री अश्विन सरवैया
श्री हरेश गोहेल

**टाइटल डिझाइन**

श्री धर्मेश चावडा

**संयोजन**

डॉ. कमलेश एन. परमार
(विषय-संयोजक : हिन्दी)

**निर्माण-आयोजन**

श्री हरेश एस. लीम्बाचीया
(नायब नियामक : शैक्षणिक)

**मुद्रण-आयोजन**

श्री हरेश एस. लीम्बाचीया
(नायब नियामक : उत्पादन)

## प्रस्तावना

NCF - २००५ एवं RTE-२००९ को केन्द्र में रखते हुए देश में प्राथमिक शिक्षा के अभ्यासक्रम, पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकों के साथ-साथ शिक्षा की समग्र प्रक्रिया में बदलाव हो रहा है। यह बदलाव मुख्यत: विषयवस्तु और शिक्षा प्रक्रिया की हमारी समझ के बारे में है। छात्रों में सर्जनशक्ति, विचारशक्ति, तर्कशक्ति और पृथक्करण करने का कौशल विकसित हो और इसके तहत् छात्रों का सर्वांगीण विकास हो यही नई पाठ्य-चर्या के मूल उद्देश्य है । इस अभिगम को केन्द्र में रखकर जी.सी.ई.आर.टी. गांधीनगर के तत्त्धान में तैयार की गई **कक्षा-४ हिन्दी (द्वितीय भाषा)** की यह पाठ्यपुस्तक छात्रों, अध्यापकों एवं अभिभावकों के समक्ष प्रस्तुत करते हुए पाठ्यपुस्तक मंडल आनंद का अनुभव करता है।

नया अभ्यासक्रम, पाठ्यक्रम एवं पाठ्यपुस्तक निर्माण की प्रक्रिया में IGNUS-erg टीम के सदस्यों का मार्गदर्शन मिलने के कारण स्टेट रिसोर्स ग्रुप के सदस्यों को विषय सज्जता मिली है। UNICEF का सहयोग भी इस पूरी प्रक्रिया के दौरान मिला है। हिन्दी विषय के कोर ग्रुप के सदस्यों का भी पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ है।

इस पाठ्यपुस्तक को समग्र राज्य में अमल करने से पहले पसंदगी प्राप्त इस स्तरकी पाठशालाओं में तीन साल तक आज़मायशी तौर पर रखा गया था। इसी दौरान वर्ग शिक्षाकार्य में जो अनुभव प्राप्त हुए उनके व्यापक सुझाव गुजरात शैक्षिक संशोधन एवं तालीम परिषद् द्वारा प्राप्त किये गये। तद्अनुसार पाण्डुलिपि में आवश्यक बदलाव किया गया।

इस पाठ्यपुस्तक का समग्र राज्यव्यापी अमल के पूर्व पाठ्यपुस्तक मंडल द्वारा आमंत्रित विशेषज्ञों और पाठ्यपुस्तक तैयार करनेवाले जी.सी.ई.आर.टी. के SRG विशेषज्ञों की संयुक्त बैठक बुलाकर उनके भी सुझावों को ध्यान में लेकर इस पाठ्यपुस्तक को आखरी स्वरूप दिया गया है।

प्रस्तुत पाठ्यपुस्तक को गुणवत्तायुक्त तथा छात्रभोग्य बनाने के लिए भरसक प्रयत्न किया गया है। अपने चतुरंगी स्वरूप के कारण छात्रों को विशेष रसप्रद लगे, ऐसा लक्ष्य भी रखा गया है।

इस पाठ्यपुस्तक को क्षतिरहित बनाने के लिए पूर्णत: प्रयत्न किये गए है, फिर भी शिक्षा कार्य में रुचि रखनेवाले व्यक्तियों से इस पाठ्यपुस्तक को असरकारक बनानेवाले सुझाव सदैव आवकार्य हैं।

| | | |
|---|---|---|
| **डॉ. आर. यु. पुरोहित** | **डॉ. भरत पंडित** | **डॉ. नीतिन पेथाणी** |
| निदेशक | निदेशक | कार्यवाहक प्रमुख |
| (जी.सी.ई.आर.टी.) | (पाठ्यपुस्तक मंडल) | (पाठ्यपुस्तक मंडल) |
| ता. ३-३-२०१५ | | गांधीनगर |

प्रथम संस्करण : २०१४, पुन: मुद्रण: २०१५

**प्रकाशक :** गुजरात राज्य शाला पाठ्यपुस्तक मंडल, 'विद्यायन', सेक्टर 10-ए, गांधीनगर की ओर से डॉ. भरत पंडित, निदेशक

**मुद्रक :**

# मूल कर्तव्य

भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह* –

(क) संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे;

(ख) स्वतंत्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आन्दोलन को प्रेरित करनेवाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करे;

(ग) भारत की प्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे;

(घ) देश की रक्षा करे और आवाहन किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करे;

(ङ) भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से परे हो; ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो स्त्रियों के सम्मान के विरुद्ध हैं;

(च) हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परम्परा का महत्त्व समझे और उसका परिरक्षण करे;

(छ) प्राकृतिक पर्यावरण की, जिसके अन्तर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव हैं, रक्षा करे और उसका संवर्धन करे तथा प्राणिमात्र के प्रति दयाभाव रखे;

(ज) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करे;

(झ) सार्वजनिक सम्पत्ति को सुरक्षित रखे और हिंसा से दूर रहे;

(ञ) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत प्रयास करे, जिससे राष्ट्र निरन्तर बढ़ते हुए प्रयत्न और उपलब्धि की नई ऊँचाइयों को छू ले;

(ट) यदि माता-पिता या संरक्षक है, तो वह छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु वाले अपने, बालक या प्रतिपाल्य के लिए यथास्थिति, शिक्षा के अवसर प्रदान करे।

* भारत का संविधान : अनुच्छेद ५१–क


# अनुक्रमणिका


| क्रम | इकाई | साहित्य स्वरूप | पृष्ठ-क्रमांक |
|---|---|---|---|
| १. | नई राह | – | ०१ |
| २. | बढ़ते कदम | – | ०४ |
| ३. | गिनती (१ से २०) | – | १२ |
| ४. | अपने बारे में ... | – | १७ |
| * | पुनरावर्तन १ | | २० |
| ५. | धम्मक-धम्मक आता हाथी | कविता | २४ |
| ६. | टपका का डर | कहानी | २८ |
| ७. | झूला | कविता | ३४ |
| ८. | चतुर चूहा | कहानी | ३९ |
| * | पुनरावर्तन २ | | ४३ |


# १ नई राह

**❒ अभ्यास १**

**पहचानिए, पढ़िए और बोलिए ।**


पतंग



तोता


मोर


घोड़ा


हाथी


घर


रथ


मोटर


पेड़


पपीता


टमाटर



डमरू


ठठेरा


छाता


सीढ़ी


सपेरा


थन


यज्ञ


धनुष


क्षत्रिय


ऋषि

**❒ अभ्यास २**

**देखकर सही रूप से लिखिए ।**

ग म न र श स ज्ञ क्ष

व प ष ट ठ ड ढ त

थ ध घ य ह छ त्र ऋ

## ❒ अभ्यास ३

गुजराती और हिन्दी वर्णों को समझिए , बोलकर पढ़िए और लिखिए ।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ગ | - | ग ______ | વ | - | व ______ | થ | - | थ ______ |
| મ | - | म ______ | પ | - | प ______ | ધ | - | ध ______ |
| ન | - | न ______ | ષ | - | ष ______ | ઘ | - | घ ______ |
| ર | - | र ______ | ટ | - | ट ______ | ય | - | य ______ |
| શ | - | श ______ | ઠ | - | ठ ______ | હ | - | ह ______ |
| સ | - | स ______ | ડ | - | ड ______ | છ | - | छ ______ |
| જ્ઞ | - | ज्ञ ______ | ઢ | - | ढ ______ | ત્ર | - | त्र ______ |
| ક્ષ | - | क्ष ______ | ત | - | त ______ | ઋ | - | ऋ ______ |

## ❒ अभ्यास ४

पहचानिए, पढ़िए और बोलिए ।


तितली


मछली


बकरी


कमल


तराजू


गमला


नल


चूहा


बैल



उल्लू


भालू


खरगोश


बंदर


कौआ



केला


सेब


अनार


फूलगोभी



भिंडी


लौकी


इमली



ओखली


ऊन


गाजर


त्रिशूल


चाँद



मूली


चम्मच


जहाज


आम


नाक


हल


रेल


गुलाब


दरजी

## ❒ अभ्यास ५

- देखकर सही रूप से लिखिए ।

क ख च ज इ झ फ ण

ब भ ल उ अ द ए

## ❒ अभ्यास ६

- गुजराती और हिन्दी वर्णों का अंतर समझिए और लिखिए ।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ક – क | | | ણ – ण | | |
| ખ – ख | | | બ – ब | | |
| ચ – च | | | ભ – भ | | |
| જ – ज | | | લ – ल | | |
| ઈ – इ | | | ઉ – उ | | |
| ઝ – झ | | | અ – अ | | |
| ફ – फ | | | દ – द | | |
| એ – ए | | | ઐ – ऐ | | |

- योग्यता-विस्तार :

बिना पंख ही उड़ जाती,
बाँध गले में डोर,
खींचो तो ऊपर चढ़ जाती,
रहे हाथ में छोर !



# २ बढ़ते कदम

## हिन्दी वर्णमाला

अ आ इ ई उ ऊ ऋ

ए ऐ ओ औ अं अः

क ख ग घ ङ

च छ ज झ ञ

ट ठ ड ढ ण ड़ ढ़

त थ द ध न

प फ ब भ म

य र ल व

श ष स ह

क्ष त्र ज्ञ श्र

❐ अभ्यास १

हिन्दी वर्णमाला में देखकर गुजराती से भिन्नतावाले वर्ण ढूँढ़कर लिखिए । जैसे : જ - ज

_____ - _____, _____ - _____, _____ - _____

_____ - _____, _____ - _____, _____ - _____

_____ - _____, _____ - _____, _____ - _____


_____ - _____, _____ - _____, _____ - _____

_____ - _____, _____ - _____, _____ - _____


_____ - _____, _____ - _____, _____ - _____

## अभ्यास २

### यह - वह



यह पतंग है ।




वह पतंग है ।



यह पुस्तक है ।



वह पुस्तक है ।



यह घोड़ा है ।



वह घोड़ा है ।

## अभ्यास ३


### यह ..... है, ये ..... हैं



यह लड़का है ।



ये लड़के हैं ।



यह हाथी है ।




ये हाथी हैं ।



यह लड़की है ।



ये लड़कियाँ हैं ।



यह माला है ।



ये मालाएँ हैं ।

 यह पुस्तक है ।

 ये पुस्तकें हैं ।

## ❐ अभ्यास ४

वह..... है, वे ..... हैं

 वह चूहा है ।

 वे चूहे हैं ।

 वह माली है ।

 वे माली हैं ।

 वह तितली है ।

 वे तितलियाँ हैं ।

 वह कुर्सी है ।

 वे कुर्सियाँ हैं ।

 वह बकरी है ।

 वे बकरियाँ हैं ।

## ❐ अभ्यास ५

यह ... इस, वह ... उस

ये ... इन, वे ... उन

यह अरविंद है ।

इसके पास किताब है ।




ये तितलियाँ हैं ।
इनके पंख रंगबिरंगे हैं ।






वह कौआ है ।
उसका रंग काला है ।



वे दो पेड़ हैं ।
उन पर बगुले बैठे हैं ।

## ❒ अभ्यास ६
### मैं, हम, तुम, आप


मैं तुषार हूँ ।
मैं विद्यार्थी हूँ ।
मैं स्कूल जाता हूँ ।





मैं दीपाली हूँ ।
मैं विद्यार्थिनी हूँ ।
मैं स्कूल जाती हूँ ।

हम लड़के हैं ।
हम पढ़ते हैं ।





**हम लड़कियाँ हैं ।**
**हम पढ़ती हैं ।**


**तुम विद्यार्थी हो ।**
**तुम चौथी कक्षा में पढ़ते हो ।**





**तुम विद्यार्थिनी हो ।**
**तुम चौथी कक्षा में पढ़ती हो ।**

**आप किसान हैं ।**
**आप खेती करते हैं ।**






**आप डॉक्टर हैं ।**
**आप अस्पताल जाते हैं ।**

## ❒ अभ्यास ७

**में, के अंदर, के ऊपर, के नीचे, के पास**


**ये मछलियाँ हैं ।**
**मछलियाँ पानी में हैं ।**
**मछलियाँ जार के अंदर हैं ।**





वह किताब है ।
किताब मेज पर है ।
किताब मेज के ऊपर है ।

यह गाय है ।
गाय पेड़ के नीचे है ।
गाय घास खा रही है ।





वह पाठशाला है ।
पाठशाला के पास पेड़ है ।
पेड़ के नीचे बच्चे खेल रहे हैं ।

## ❐ अभ्यास ८

### मेरा, तुम्हारा, उसका

यह किताब है ।
यह मेरी किताब है ।




वह कलम है ।
वह अनिल की कलम है ।
कलम उसकी जेब में है ।



यह थैला है ।
यह नवीन का थैला है ।
यह उसका थैला है ।



वह कॉपी है ।

वह आशा की कॉपी है ।



यह कंपास है ।

यह तुम्हारा कंपास है ।



## ❒ अभ्यास ९

- क्या, कहाँ, कब, कौन, कितने



- शिक्षक चित्र के आधार पर प्रश्न पूछेंगे । छात्र उत्तर देंगे ।

जैसे : यह क्या है ?

यह गाय है ।

१. बंदर कहाँ है ?

२. गाय कहाँ है ?

३. मोर कब नाचता है ?

४. बंदर क्या कर रहे हैं ?

५. पेड़ पर कितने बंदर हैं ?


६. बंदर आपस में क्या बातें कर रहे होंगे ?

७. लड़की गाय से क्या बातें कर रही होगी ?

८. गाय के पास कौन है ? वह क्या कर रही है ?

## समझिए

### खंडशः लेखन



# ३ गिनती ( १ से २० )

**अभ्यास १ शिक्षक की सहायता से गीतगान कीजिए ।**

( गिनती के गीत का गान ..... बच्चों का सामूहिक गान )

एक, दो, तीन, चार,
आओ, चलें गिरनार !

पाँच, छः, सात, आठ,
सागरतट पर सोमनाथ !

नौ, दस, ग्यारह, बारह,
कच्छ चलें तो आशापुरा !


तेरह, चौदह, पंद्रह, सोलह,
बहुचर माँ का मुर्गा बोला !

सत्रह, अठारह, उन्नीस, बीस,
मामाजी की फोटो खींच !

**अभ्यास २ अंकों का अनुलेखन कीजिए ।**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | १ | १ १ १ | ____ | ____ | ____ | ____ |
| २ | २ | २ २ २ | ____ | ____ | ____ | ____ |
| ३ | ३ | ३ ३ ३ | ____ | ____ | ____ | ____ |
| ४ | ४ | ४ ४ ४ | ____ | ____ | ____ | ____ |
| ५ | ५ | ५ ५ ५ | ____ | ____ | ____ | ____ |
| ६ | ६ | ६ ६ ६ | ____ | ____ | ____ | ____ |
| ७ | ७ | ७ ७ ७ | ____ | ____ | ____ | ____ |
| ८ | ८ | ८ ८ ८ | ____ | ____ | ____ | ____ |
| ९ | ९ | ९ ९ ९ | ____ | ____ | ____ | ____ |

**अभ्यास ३** गिनती क्रम से बोलते जाइए, क्रमानुसार जोड़ते जाइए और देखिए किसका चित्र बनता है ? चित्र में मनपसंद रंग भरिए ।




**अभ्यास ४** पढ़िए, समझिए और बोलिए ।

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | एक | ६ | छः | ११ | ग्यारह | १६ | सोलह |
| २ | दो | ७ | सात | १२ | बारह | १७ | सत्रह |
| ३ | तीन | ८ | आठ | १३ | तेरह | १८ | अठारह |
| ४ | चार | ९ | नौ | १४ | चौदह | १९ | उन्नीस |
| ५ | पाँच | १० | दस | १५ | पंद्रह | २० | बीस |

**अभ्यास ५** गिनती का अंकों और शब्दों में अनुलेखन कीजिए ।

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | ____ | एक | ____ | ८ | ____ | आठ | ____ | १५ | ____ | पंद्रह | ____ |
| २ | ____ | दो | ____ | ९ | ____ | नौ | ____ | १६ | ____ | सोलह | ____ |
| ३ | ____ | तीन | ____ | १० | ____ | दस | ____ | १७ | ____ | सत्रह | ____ |
| ४ | ____ | चार | ____ | ११ | ____ | ग्यारह | ____ | १८ | ____ | अठारह | ____ |
| ५ | ____ | पाँच | ____ | १२ | ____ | बारह | ____ | १९ | ____ | उन्नीस | ____ |
| ६ | ____ | छः | ____ | १३ | ____ | तेरह | ____ | २० | ____ | बीस | ____ |
| ७ | ____ | सात | ____ | १४ | ____ | चौदह | ____ | | | | |

**अभ्यास ६** गिनती क्रमिक रूप से बोलते जाइए और रेखा को काटे बिना उन्हें जोड़ते जाइए ।




## स्वाध्याय

**प्रश्न १. गिनती के सही शब्द अंकों के सामने लिखिए :**

| | | |
|---|---|---|
| २ | ______ | सत्रह |
| ३ | ______ | छः |
| ५ | ______ | नौ |
| ६ | ______ | दो |
| ९ | ______ | अठारह |
| १७ | ______ | उन्नीस |
| १८ | ______ | पाँच |
| १९ | ______ | तीन |


**प्रश्न २. रिक्त स्थानों में क्रम से संख्या अंक भरिए :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| १ | | ३ | | ५ |
| | ७ | | ९ | १० |
| | १२ | | १४ | |
| | | १८ | | |

**प्रश्न ३. रिक्त स्थानों में शब्दों में गिनती क्रम से लिखिए :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| एक | | | चार | |
| | | आठ | | |
| ग्यारह | | | | पंद्रह |
| | सत्रह | | | बीस |

हाट का खेल




माचिस की तीन खाली डिब्बियों को एक के ऊपर एक रखते हुए आपस में चिपका लें। उस पर रंगीन कागज़ चिपकाकर उसकी अलग-अलग सतह पर ६ तक के अंक बिना पुनरावर्तन के लिखें। पासा तैयार है। अब इस पासे से खेलिए और गिनती का भी अभ्यास करते जाइए।

# ४ अपने बारे में...

अपना फोटोग्राफ चिपकाइए

१. मेरा नाम ______________ है ।

२. मैं ______________ कक्षा में पढ़ता हूँ / पढ़ती हूँ ।

३. मैं ______________ नामक गाँव में रहता हूँ / रहती हूँ ।

४. मेरे पिता का नाम ______________ है ।

५. मेरी माँ का नाम ______________ है ।

६. मेरे भाई का नाम ______________ है ।

७. मेरी बहन का नाम ______________ है ।

८. मेरे चाचा का नाम ______________ है ।

९. मेरी बुआ का नाम ______________ है ।

१०. आपके परिवार में कौन-कौन हैं ? [‘✔’ या ‘✕’ चिह्न लगाइए]

माता ☐ पिता ☐ भाई ☐ बहन ☐ दादी ☐ दादा ☐

चाचा ☐ चाची ☐ नाना ☐ नानी ☐ फूफा ☐ बुआ ☐

११. मेरे दोस्त / मेरी सहेली का नाम ______________ है ।

१२. मुझे ______________ खेलना पसंद है ।

१३. मेरे अध्यापक / मेरी अध्यापिका का नाम ______________ है ।

१४. मैं सुबह ______________ बजे उठता हूँ / उठती हूँ ।

१५. मैं ______________ बनना चाहता / चाहती हूँ ।

१६. मुझे ______________ ज्यादा पसंद है ।

| | खेल | खिलाड़ी | पढ़ना | खाना | गाना | देखना | मिलना | रंग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जैसे | क्रिकेट | | | | | | | |

१७. मुझे नापसंद है -

जैसे :- झूठ बोलना, ________, ________, ________

## शब्दार्थ

**कक्षा** गुज. ધોરણ **परिवार** कुटुम्ब

**चाचा** पिता के छोटे भाई **बुआ** पिता की बहन

**अध्यापक** शिक्षक

## अभ्यास

### प्रश्न १. सुनिए और बोलिए :

(अ) गाँव, कक्षा, अध्यापक, बुआ

(ब) (१) मैं विद्यार्थी हूँ ।

(२) मैं चौथी कक्षा में पढ़ता हूँ ।

(३) मैं चौथी कक्षा में पढ़ती हूँ ।

(४) हमारी पाठशाला का नाम सरस्वती विद्यालय है ।

### प्रश्न २. प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(१) आपका नाम क्या है ?

(२) आपके पिताजी का नाम क्या है ?

(३) आपकी माताजी का नाम क्या है ?

### प्रश्न ३. पढ़िए और लिखिए :

| परिवार | सहेली | दोस्त | अध्यापक |
|---|---|---|---|
| ________ | ________ | ________ | ________ |

| गाँव | कक्षा | अच्छा | खिलाड़ी |
|---|---|---|---|
| ________ | ________ | ________ | ________ |

## स्वाध्याय

**प्रश्न १. सही जोड़े बनाइए :**

| अ | ब |
|---|---|
| पिता | भाभी |
| भाई | दादी |
| चाचा | मामी |
| मामा | माता |
| दादा | चाची |

**प्रश्न २. कोष्ठक में से उचित शब्द चुनकर वाक्य पूर्ण कीजिए :**

(१) अरुणा चौथी कक्षा में ______ है । (पढ़ता / पढ़ती)

(२) लड़का खेल ______ । (रहे हैं / रहा है)

(३) मैं माता-पिता का आदर ______ । (करता हूँ / करते हैं)

**प्रश्न ३. कोष्ठक में से उचित शब्द चुनकर खाली जगह भरिए :**

**( मैं, मुझे, मेरी, मेरे )**

(१) ______ लड़की हूँ ।

(२) ______ पिता किसान हैं ।

(३) ______ माता घरकाम करती हैं ।

(४) ______ खेलना अच्छा लगता है ।

**प्रश्न ४. अपनी सखी / अपने दोस्त का परिचय लिखिए ।**

### योग्यता-विस्तार

**हमारे रिश्तेनाते**

- पिता के पिता **दादा**
- पिता की माता **दादी**
- पिता के छोटे भाई **चाचा**
- पिता की बहन **बुआ**

- माता के पिता **नाना**
- माता की माता **नानी**
- माता का भाई **मामा**
- माता की बहन **मौसी**

# पुनरावर्तन १


**प्रश्न १. नीचे दी गइ संख्या को पढ़िए और शब्दों में लिखिए :**

| | |
|---|---|
| ५ ______ | १३ ______ |
| ६ ______ | १५ ______ |
| ९ ______ | १७ ______ |
| ११ ______ | १८ ______ |
| १२ ______ | १९ ______ |



**प्रश्न २. वर्णों को पढ़िए और लिखिए :**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क ___ | फ ___ | प ___ | य ___ | ख ___ | च ___ |
| ज ___ | झ ___ | ट ___ | ढ ___ | ब ___ | ल ___ |
| म ___ | भ ___ | ग ___ | द ___ | ध ___ | क्ष ___ |


**प्रश्न ३. (अ) चित्र देखकर शब्द लिखिए :**












**(ब) उपर्युक्त चित्रों को देखकर पाँच वाक्य बनाइए :**

१. ____________________

२. ____________________

३. ____________________

४. ____________________

५. ____________________

**प्रश्न ४. (अ) नीचे दिए गए वर्णों का उपयोग करके शब्द बनाइए :**

क – कमल ______ ______ ______

म – मकान ______ ______ ______

प – पतंग ______ ______ ______

र – रस्सी ______ ______ ______

**(ब) नीचे दिए गए शब्दों को उदाहरणों के अनुसार लिखिए :**

उदा. : राजा – रानी

(१) शिक्षक– ______

(२) बंदर – ______

(३) मोर – ______

(४) माता – ______

उदा. : लड़का – लड़के

(१) घोड़ा – ______


(२) बच्चा – ______

(३) तितली – ______

(४) मछली – ______


# समझिए

| व्यंजन | खंडशः लेखन |
|---|---|
| प | |
| फ | फ |
| ष | ष |
| ग | |
| म | म |
| त | |
| न | |
| ल | ल |
| व | |
| ब | ब |
| क | क |
| र | |
| स | स |
| ख | ख |
| ट | |
| ठ | |
| ढ | |



## समझिए

| व्यंजन | खंडशः लेखन |
|---|---|
| ड | ड |
| ङ | ङ |
| झ | झ |
| ह | ह |
| य | य |
| थ | थ |
| श | श |
| भ | भ |
| घ | घ |
| ध | ध |
| छ | छ |
| च | च |
| ज | ज |
| ञ | ञ |
| ण | ण |
| क्ष | क्ष |
| त्र | |
| ज्ञ | ज्ञ |




# ५ धम्मक-धम्मक आता हाथी

- प्रयाग शुक्ल

प्रस्तुत कविता प्रसिद्ध रचनाकार श्री प्रयाग शुक्ल द्वारा रचित गई है। आपका जन्म ई.स. १९४० में कोलकाता में हुआ था । साहित्य की विविध विधाओं पर सशक्त रूप से लेखनी चलाई है। बच्चों के लिए आपने बहुत उल्लेखनीय रचनाएँ लिखी हैं।

आपके ९ काव्यसंग्रह, ५ लघुकथा संग्रह, ३ उपन्यास, १ कला पुस्तक, सत्यजीत रे पर एक पुस्तक प्रकाशित है इसके अतिरिक्त पत्रिका का संपादन भी किया है ।



धम्मक-धम्मक आता हाथी,
धम्मक-धम्मक जाता हाथी ।

अपनी सूँड़ उठाता हाथी,
अपनी सूँड़ गिराता हाथी,
अपनी सूँड़ हिलाता हाथी,
अपनी सूँड़ घुमाता हाथी ।



धम्मक-धम्मक आता हाथी,
धम्मक-धम्मक जाता हाथी ।



जब पानी में जाता हाथी,
भर-भर सूँड़ नहाता हाथी,
कितने केले खाता हाथी,
यह तो नहीं बताता हाथी ।

धम्मक-धम्मक आता हाथी,
धम्मक-धम्मक जाता हाथी ।

## शब्दार्थ

**धम्मक** जोश, तेज **पानी** जल, नीर, सलिल **हाथी** गज

## अभ्यास

**प्रश्न १. कविता का अभिनय के साथ गान कीजिए ।**

**प्रश्न २. सूचना के अनुसार अभिनय कीजिए :**

- रोना
- हँसना
- पटाखे छोड़ना
- कपड़े धोना


**प्रश्न ३. (अ) पढ़िए और समझिए :**

| | |
|---|---|
| उठाना | गिराना |
| आना | जाना |
| छोटा | बड़ा |
| ऊँचा | नीचा |
| पकड़ना | छोड़ना |

(ब) ऊपर दिए गए विलोम शब्दों पर आधारित वाक्य बनाइए।

**जैसे :** गिरे हुए को **उठाना** चाहिए ।
हमें किसी को **गिराना** नहीं चाहिए ।

प्रश्न ४. चित्र के आधार पर कहानी कहिए ।



## स्वाध्याय

**प्रश्न १. प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**


(१) हाथी किस तरह से आता है ?

(२) नहाने के लिए हाथी सूँड़ में क्या भरता है ?

(३) हाथी क्या खाकर बताता नहीं है ?

(४) हाथी पानी कहाँ डालता है ? क्यों ?

**प्रश्न २. चित्र में हाथी के कुछ अंग नहीं हैं उन्हें पूर्ण कीजिए एवं चित्र में रंग भरिए :**



# ६ टपका का डर

इस कहानी में गरीबी और कष्ट से जूझती बुढ़िया की कथा है झोंपड़ी का टपकता छप्पर उसे और भी संकट में डाल देता है । वह मन ही मन झुँझला रही है ।

बरसात से परेशान एक बाघ बुढ़िया की झोंपड़ी के पास आकर बैठ जाता है । बुढ़िया की बातें सुनकर अनजान भय से वह घबरा उठता है और भाग जाता है ।




बरसात का दिन था । चारों ओर पानी बरस रहा था । जंगल में बुढ़िया का घर भीग रहा था। जल्दी ही बुढ़िया का घर टपकने लगा । बुढ़िया परेशान हो उठी । परन्तु करती भी क्या ? छप्पर को छाए कौन ?

थोड़ी देर में ओले भी पड़ने लगे । बेर बराबर ओले ! उधर एक बाघ ओलों की मार से परेशान हो उठा । कूदते-फाँदते वह बुढ़िया के घर के पास पहुँचा ।

बुढ़िया अन्दर चावल पका रही थी । चूल्हे पर पानी टपक

रहा था, टप-टप। वह झुँझला उठी और बोली – “मुझे टपका से इतना डर लगता है जितना बाघ से भी नहीं ।”



बाघ ने सोचा – बुढ़िया मुझसे तो नहीं डरती मगर टपका से डरती है । जरूर टपका मुझसे भी बड़ा जानवर होगा । बस इतना सोचते ही बाघ घबराया और सिर पर पैर रखकर भाग गया ।

## शब्दार्थ

**परेशान** हैरान **छप्पर** छत ( घास-फूस व लकड़ी से बनी)

**ओले** गुज. કરા **बेर** गुज. બોર

## मुहावरे

झुँझला उठना — क्रोधित होना

सिर पर पैर रखकर भागना — तेज गति से भागना ।

## अभ्यास

### प्रश्न १. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(१) तुम्हारे गाँव में कैसे-कैसे घर हैं ?

(२) तुम्हारा घर किन-किन चीजों से बना है ?

(३) छप्पर किन-किन चीजों से बनता है ?

(४) बरसात के मौसम में क्या-क्या होता है ?

(५) ओले पड़ने पर तुम लोग क्या करते हो ?

(६) ओले पड़ने पर किस तरह का नुकसान होता है ?

(७) तुमने कितने प्रकार के चूल्हे देखे हैं ?

(८) जंगल में बाघ के अलावा और कौन-से प्राणी रहते हैं ?

(९) बुढ़िया मन ही मन क्यों झुँझला रही है ?

(१०) बाघ सिर पर पैर रखकर क्यों भाग गया ?

### प्रश्न २. जंगल में और क्या-क्या भीग रहा होगा – सूची बनाइए ।

## स्वाध्याय

### प्रश्न १. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(१) बुढ़िया कहाँ रहती थी ?

(२) बरसात में बुढ़िया के घर में क्या पड़ने लगा ?

(३) ओलों की मार से परेशान होकर बाघ कहाँ आ गया ?

(४) पानी टपकने की आवाज़ कैसी थी ?


(५) बुढ़िया को सबसे ज्यादा डर किससे लगता था ?

(६) बुढ़िया की बात सुनकर बाघ ने क्या किया ?


प्रश्न २. निम्नलिखित में से प्रत्येक के बारे में पाँच-सात वाक्य लिखिए :

(१) मोर (२) बाघ (३) तोता

प्रश्न ३. नीचे दिए चित्र का वर्णन दस वाक्यों में लिखिए :



प्रश्न ४. नीचे दिए गए चित्र के आधार पर कहानी कहिए :



**प्रश्न ५. नीचे दिए गए उदाहरण के अनुसार वाक्य बनाइए :**

**उदाहरण :** बिल्ली – बिल्लियाँ

(1) मेरे घर में **बिल्ली** है ।

मेरे घर में **बिल्लियाँ** हैं ।

- मक्खी – ---------------

---------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------

- लड़की – ---------------

---------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------

- रोटी – ---------------

---------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------

- चूड़ी – ---------------


---------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------

# ७ झूला


– रामसिंहासन सहाय 'मधुर'

प्रस्तुत कविता रामसिंहासन सहाय 'मधुर' रचित है । बच्चों को झूले से लगाव होता है । झूले पर चढ़कर बच्चे क्या-क्या कल्पना करते हैं – इसका विवरण कविता में दिया गया है ।



अम्मा आज लगा दे झूला,
इस झूले पर मैं झूलूँगा ।
इस पर चढ़कर, ऊपर बढ़कर,
आसमान को मैं छू लूँगा ।

झूला झूल रही है डाली,
झूल रहा है पत्ता-पत्ता ।
इस झूले पर बड़ा मज़ा है,
चल दिल्ली, ले चल कलकत्ता ।




## शब्दार्थ

**झूला** पालना, हिंडोला **पत्ता** पर्ण (ગુજ. પાન, પાંદડાં) **आसमान** आकाश

## अभ्यास

**प्रश्न १. पढ़िए और बोलिए :**

अम्मा, झूला, चढ़कर, बढ़कर, दिल्ली,

मज़ा, बड़ा, उड़कर, धरती, रिमझिम

**प्रश्न २. प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(१) 'झ' वाले शब्द कविता में से ढूँढ़कर बोलिए ।

(२) आपने कहाँ-कहाँ झूले देखे हैं ?

(३) आप किस तरह के झूले में झूले हैं ?

(४) पहली बार झूला झूलने का अनुभव बताइए।

## स्वाध्याय

**प्रश्न १. प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(१) लड़का अम्मा को क्या लगाने को कहता है ?

(२) लड़का किसको छूने की बात करता है ?

(३) झूला कौन-कौन झूल रहे हैं ?

**प्रश्न २. सूचना के अनुसार अभिनय कीजिए :**

(१) केला खाना

(२) आम चूसना

(३) राखी बाँधना

(४) पतंग उड़ाना

(५) झाड़ू लगाना

**प्रश्न ३. काव्य पंक्तियाँ पूर्ण कीजिए :**

अम्मा आज ...........

इस झूले ....................... ।

........... चढ़कर, ऊपर ...........,

आसमान को मैं ....................... ।

**प्रश्न ४. सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

(१) मैं खेल खेल ________ । (रहा हूँ / रहे हैं)

(२) हम पाठशाला जा ________ । (रहे हैं, रहा हूँ)

(३) यह हाथी है । ________ सूँड़ लम्बी है । (इसकी / इनकी)

(४) ________ कौआ है । उसका रंग काला है । (वह / यह)

(५) ये तितलियाँ हैं । ________ पंख रंग-बिरंगे हैं । (इनके / उनके)

(६) वे लड़के हैं । ________ बस्ते लाल रंग के हैं । (उनके / इनके)

## भाषा-सज्जता

- आज × कल
- आना × जाना
- हँसना × रोना
- सोना × जागना

उपर्युक्त शब्द 'आज' और 'कल', 'आना' और 'जाना', 'हँसना' और 'रोना' तथा 'सोना' और 'जागना' शब्द एक दूसरे के विरोधी हैं ।

**जो शब्द उलटा अर्थ रखते हैं, वे परस्पर विरोधी (विलोम) शब्द कहलाते हैं ।**

**प्रश्न ५. विरोधी शब्द देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :**

**जैसे : चलना × रुकना**

- हमें हमेशा चलते रहना चाहिए ।
- हमें मुश्किलों से डरकर रुकना नहीं चाहिए ।

(१) ऊपर　　　　(३) चढ़ना

(२) आसमान　　　　(४) छोटा

## योग्यता-विस्तार

**(क) पता कीजिए और लिखिए - झूला कब और किस मौसम में झूलते हैं ।**

**(ख) किसी देखे हुए झूले का चित्र बनाकर रंग भरिए :**

# ८ चतुर चूहा



एक चूहा था । वह रास्ते पर जा रहा था । उसे कपड़े का एक टुकड़ा मिला । वह आगे बढ़ा । उसने एक दरजी की दुकान देखी । दरजी के पास जाकर उसने कहा –

**चूहा :** दरजी रे दरजी ! इस कपड़े की टोपी सी दे ।

**दरजी :** यह कौन बोल रहा है ?

**चूहा :** मैं चूहा; चूहा बोल रहा हूँ । इसकी एक टोपी सी दे ।

**दरजी :** चल..... रास्ता नाप । वरना कैंची उठाकर मारूँगा ।

**चूहा :** अरे ! तू मुझे डरा रहा है ...
कचहरी में जाऊँगा, सिपाही को बुलाऊँगा,
तुझे खूब पिटवाऊँगा, और तमाशा देखूँगा ।

यह सुन दरजी डर गया । उसने झटपट टोपी सी दी ।

टोपी पहनकर चूहा आगे बढ़ा । रास्ते में कशीदाकार की दुकान देखी। चूहे को टोपी पर कशीदा कढ़ाने की इच्छा हुई ।

**चूहा :** भाई ! मेरी टोपी पर थोड़ा कशीदा काढ़ दे । कशीदाकार ने चूहे की ओर देखा । फिर उसे धमकाया और कहा – 'चल...चल... यहाँ किसे फुरसत है !'

**चूहा :** अच्छा, तो तू भी मुझे भगा रहा है, लेकिन सुन,
**कचहरी में जाऊँगा, सिपाही को बुलाऊँगा,**
**तुझे खूब पिटवाऊँगा, और तमाशा देखूँगा।**



यह सुन कशीदाकार घबराया । उसने चूहे को कचहरी में जाने से रोका। उससे टोपी लेकर उस पर अच्छा कशीदा काढ़ दिया । चूहा तो खुश हो गया ।

## शब्दार्थ

**नाप** माप **झटपट** जल्दी-जल्दी, शीघ्र **कशीदा** कढ़ाई, गुज. ભરતકામ **फुरसत** अवकाश, गुज. નવરાશ **कचहरी** अदालत **सिपाही** सैनिक **कैंची** गुज. કાતર **कशीदाकार** सुई-धागे से कपड़े पर बेल-बूटा बनानेवाला

## अभ्यास

**प्रश्न १. ऊँची आवाज़ में पढ़िए और लिखिए :**

| | |
|---|---|
| च्छ | स्वच्छ, मच्छर, अच्छा, इच्छा |
| ऊँ | बुलाऊँगा, पिटवाऊँगा, जाऊँगा |
| ई | कढ़ाई, पढ़ाई, बधाई |
| ध्या | अयोध्या, ध्यान, स्वाध्याय, अध्याय |
| व्य | व्यसन, व्यापारी, वायव्य, कर्तव्य |

**प्रश्न २. नीचे दिए गए चित्र का मौखिक वर्णन कीजिए :**




**प्रश्न ३. सूचना के अनुसार अभिनय कीजिए :**

- दौड़ना
- तीर छोड़ना
- साइकिल में हवा भरना
- गन्ना चूसना
- पानी भरने के लिए हैंडपंप हिलाना
- लड्डू खाना

**प्रश्न ४. निम्नलिखित पेशेवालों पर चार-चार वाक्य बोलिए :**

(१) दरजी
(२) सिपाही
(३) बढ़ई

## स्वाध्याय

**प्रश्न १. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

(१) चूहा कपड़ा लेकर किसके पास गया ?
(२) चूहे ने दरजी से क्या कहा ?
(३) कशीदाकार क्या सुनकर घबराया ?
(४) चूहा कब खुश हुआ ?
(५) कशीदाकार क्या करता है ?

**प्रश्न २. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए :**

(१) चूहा
(२) दुकान
(३) सिपाही
(४) दरजी
(५) टोपी
(६) कचहरी

**प्रश्न ३. अगर चूहा धोबी की दुकान पर जाता तो क्या कहता ?**

**प्रश्न ४. अगर दरजी और कशीदाकार चूहे की बात से नहीं डरते तो चूहा क्या करता ?**

# पुनरावर्तन २

**प्रश्न १. 'हाथी' के बारे में चार-पाँच वाक्य लिखिए ।**

**प्रश्न २. (अ) समानार्थी शब्दों के जोड़े बनाइए :**

| अ | ब |
|---|---|
| (१) पानी | (१) सैनिक |
| (२) आसमान | (२) धरा |
| (३) धरती | (३) आकाश |
| (४) सिपाही | (४) जल |

**(ब) विरोधी शब्द ढूँढ़कर उसका वाक्य में प्रयोग कीजिए :**

**(धरती, ऊँचा, पकड़ना, आना)**

(१) नीचा ________ (२) छोड़ना ________

(३) आसमान ________ (४) जाना ________

**प्रश्न ३. नीचे दिए उदाहरण के अनुसार लिखिए :**

**उदा. : यह <u>लड़का</u> है । यह <u>लड़की</u> है ।**

(१) वह <u>राजा</u> है । १. ________________ ।

(२) यह <u>शिक्षिका</u> है । २. ________________ ।

(३) वह <u>लेखक</u> है । ३. ________________ ।

**प्रश्न ४. उदाहरण के अनुसार वाक्य प्रयोग कीजिए :**

**उदा. : यह तितली है । ये तितलियाँ हैं ।**

(१) वह मछली है । ________________

(२) यह लड़की है । ________________

(३) यह बिल्ली है । ________________

(४) वह घोड़ा है । ________________

**प्रश्न ५. सही विकल्प पसंद करके वाक्य लिखिए :**

(१) ______ तितलियाँ हैं । (यह / ये)

(२) ______ तुम्हारा फूल है । (वह / वे)

(३) ______ किसान हूँ । (मैं / में)

(४) यह पाठशाला है । ______ कई छात्र पढ़ते हैं । (इनमें / इसमें)

(५) किसान ______ करता है ? (कौन / क्या)

(६) ______ लड़के ने मुझे लड्डू दिया । (वह / उस)

• • •